**अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध**

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

2. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्र संख्या : 652/SPMU/NHM/Appt./2023-24/ 8297-2 दिनांक 29-01-2024

**विषयः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अंतर्गत संविदा सी0एच0ओ0 के रिक्त पदो पर सीधी भर्ती के माध्यम से चयन हेतु कोविड–19 में कार्यरत कर्मियो को नियमानुसार अधिमानी अंक प्रदान किये जाने के लिये क्यू0आर0 कोड आधारित डिजिटल "अनुभव प्रमाण पत्र" के सृजन/निर्गमन के सम्बंध में।**

**महोदया/महोदय,**

कृपया कार्यालय के पूर्व में प्रेषित पत्र संख्याः 593/SPMU/HR/Appt./2022-23/6372-2 दिनांक 01.12.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अंतर्गत संविदा सी0एच0ओ0, ए0एन0एम0, स्टॉफ नर्स, फार्मासिस्ट एवं लैब टेक्निशियन के रिक्त पदो पर भर्ती किये जाने हेतु कोविड–19 में कार्यरत कर्मियो को नियमानुसार अधिमानी अंक प्रदान किये जाने के लिये क्यू0आर0 कोड आधारित डिजिटल "अनुभव प्रमाण पत्र" के सृजन/निर्गमन के सम्बंध में दिशा–निर्देश प्रेषित किये गये थे।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अंतर्गत संविदा पर 5582 अभ्यर्थियों का चयन सीधी भर्ती के माध्यम से संविदा कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सी0एच0ओ0) के पद पर किये जाने हेतु विज्ञापन दिनांक 25.01.2024 को प्रकाशित किया जा चुका है तथा उक्त का विस्तृत विज्ञापन एन0एच0एम0 पोर्टल पर अपलोड है।

उक्त डिजिटल प्रमाण–पत्र सृजित करने हेतु किसी भी प्रकार के तकनीकी सहयोग हेतु स्थापित हेल्प डेस्क नं0–9125240076 & 104 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

उपरोक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अंतर्गत सीधी भर्ती के माध्यम से संविदा पर सी0एच0ओ0 पद पर चयन किये जाने हेतु स्वास्थ्य विभाग, एन0एच0एम0, चिकित्सा शिक्षा के अधीन संविदा पर कर्मी द्वारा कोविड काल (दिनांक 31.03.2022 तक की सेवा हेतु) में की गयी सेवा का अधिमानी अंक प्रदान किये जाने हेतु पूर्व में प्रेषित पत्र संख्याः 593/SPMU/HR/Appt./2022-23/6372-2 दिनांक 01.12.2022 के माध्यम से प्रेषित दिशा–निर्देशों के अनुसार ससमय क्यू0आर0 कोड आधारित डिजिटल "अनुभव प्रमाण पत्र" के सृजन/निर्गमन कराना सुनिश्चित करें।

भवदीया,

Pinky 25/01/24

(डॉ0 पिंकी जोवल)
मिशन निदेशक

**संलग्नकः–यथोपरि।**

पत्र संख्या : 652/SPMU/ Appt./2023-24/ तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0।
3. महानिदेशक, परिवार कल्याण, उ0प्र0।
4. महानिदेशक (प्रशिक्षण) चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0।
5. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
6. अधिशासी निदेशक, यू0पी0टी0एस0यू0 उ0प्र0, को इस आशय से प्रेषित कि तकनीकी सहयोग प्रदान करने हेतु संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
7. समस्त अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0।
8. महाप्रबंधक (कम्युनिटी प्रोसेस) एवं महाप्रबंधक (मातृ स्वास्थ्य/नर्सिंग अनुभाग), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।
9. समस्त मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।
10. समस्त जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।

(डॉ0 पिंकी जोवल)
मिशन निदेशक

Scanned with OKEN Scanner

अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

2. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्र संख्या : 593/SPMU/HR/Appt./2022-23/ 6372-2 दिनांक 0/12/2022

विषयः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अंतर्गत संविदा 4000 सी0एच0ओ0 के रिक्त पदो एवं 17000+ ए0एन0एम0, स्टॉफ नर्स, फार्मासिस्ट एवं लैब टेक्नीशियन पर सीधी भर्ती के माध्यम से चयन हेतु कोविड-19 में कार्यरत कर्मियो को नियमानुसार अधिमानी अंक प्रदान किये जाने के लिये **क्यू0आर0 कोड आधारित डिजिटल "अनुभव प्रमाण पत्र" के सृजन/निर्गमन के सम्बंध में।**

महोदया/महोदय,

कृपया अवगत होना चाहें, कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अंतर्गत संविदा पर 4000 अभ्यर्थियों का चयन सीधी भर्ती के माध्यम से कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सी0एच0ओ0) के पद पर किये जाने हेतु विज्ञापन दिनांक 21.10.2022 को प्रकाशित किया जा चुका है तथा उक्त का विस्तृत विज्ञापन एन0एच0एम0 पोर्टल पर अपलोड है (छायाप्रति संलग्न) एवं 17000+ ए0एन0एम0, स्टॉफ नर्स, फार्मासिस्ट एवं लैब टैक्निशियन हेतु विज्ञापन को प्रकाशित किया जा चुका है तथा उक्त का विस्तृत विवरण एन0एच0एम0 पोर्टल पर अपलोड है (छायाप्रति संलग्न)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अंतर्गत मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न गवर्निंग बाडी की बैठक दिनांक 27.06.2022 में लिए गए निर्णय के क्रम में कोविड काल में तैनात किये गये अल्पकालीन/आउटसोर्स/संविदा मानव संसाधन को एन0एच0एम0 के संविदा रिक्त पदों हेतु पात्र अभ्यर्थियो को वरीयता अंक प्रदान किया जाना है। तत्क्रम में उक्त भर्ती प्रक्रिया में प्रशासन के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग एन0एच0एम0 एवं चिकित्सा शिक्षा के अंतर्गत कोविड-19 के प्रबंधन हेतु कार्यरत अभ्यर्थियों को उनके द्वारा की गयी सेवा के आधार पर नियमानुसार अधिमानी अंक प्रदान किये जाने की व्यवस्था की गयी है, जिसके लिए उन्हें जनपद स्तर पर अनुभव प्रमाण-पत्र निर्गत किया जाना है।

स्वास्थ्य विभाग, एन0एच0एम0 एवं चिकित्सा शिक्षा के अंतर्गत संविदा पर कोविड-19 में कार्यरत कर्मियों द्वारा पूर्ण की गयी सेवा-अवधि (वर्ष, माह एवं दिवस) का प्रमाण-पत्र नोडल अधिकारी कोविड-19, मुख्य चिकित्साधिकारी एवं प्रतिनिधि-जिलाधिकारी के प्रतिहस्ताक्षर से निर्गत किया जाएगा। अतः स्वास्थ्य विभाग, एन0एच0एम0 एवं चिकित्सा शिक्षा में वर्तमान में कोविड-19 में कार्यरत एवं पूर्व में सेवा प्रदान कर चुके कर्मियो को अधिमानी अंक प्रदान करने के उद्देश्य से क्यू0आर0 कोड आधारित डिजिटल अनुभव प्रमाण पत्र सृजित/निर्गत करने की प्रक्रिया से सम्बंधित दिशा-निर्देश निम्नलिखित हैं :-

1. क्यू0आर0 कोड आधारित डिजिटल अनुभव प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु यू0पी0टी0एस0यू0 के सहयोग से वेब पोर्टल URL: https://certificate.tsuprogram.com/. विकसित किया गया है, जिस पर सम्बंधित कर्मी के अनुभव प्रमाण-पत्र में भरे जाने वाले विवरण का सत्यापन एवं अनुभव प्रमाण-पत्र निर्गत किये जाने की कार्यवाही जनपद स्तर पर सम्पादित की जाएगी।
2. यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक जनपद में कार्य किया गया है तो उसे उस अवधि का पृथक-पृथक अनुभव प्रमाण-पत्र सम्बंधित जनपद से प्राप्त करना होगा।
3. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों की लॉगिन आई0डी0 बनाकर, सुरक्षा की दृष्टि से पासवर्ड सम्बंधित मुख्य चिकित्साधिकारी को ई-मेल के माध्यम से पृथक से प्रेषित की जा रही हैं।
4. मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा उक्त लॉगिन आई0डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से पोर्टल पर लॉगिन किया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner

5. इसके फलस्वरूप कर्मी का नाम, तैनाती जनपद का विवरण, कार्य अवधि एवं एजेंसी का नाम आदि की सूचना भरी जानी है।

6. मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय द्वारा इच्छुक अभ्यर्थियों को डिजिटल अनुभव प्रमाण–पत्र आवेदन करने के बाद ससमय निर्गत किया जाये। अतः इच्छुक अभ्यर्थी के हित में है कि वह अपना अनुभव प्रमाण–पत्र का आवेदन आवश्यक अभिलेख / सूचनाओं सहित ससमय संबंधित जनपद में प्रस्तुत करें।

7. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने उक्त पदों हेतु आवेदन किया हो तथा कोविड–19 काल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अटेण्डेंस मैनेजमेन्ट सिस्टम ऐप पर 31 मार्च, 2022 तक पंजीकृत हो अथवा राज्य आपदा प्रतिक्रिया फंड (SDRF) / पंचायती राज / वित्त आयोग / अन्य द्वारा वित्त पोषित हो, को कोविड सेवा–काल में सक्रिय सेवा किये जाने पर निम्नानुसार अधिमानी अंक प्रदान किया जाता है, जिसकी अधिकतम सीमा 15 प्रतिशत है।

- 06 माह की कोविड–19 में सेवा पूर्ण किये जाने पर 05 प्रतिशत अतिरिक्त अंक।
- 01 वर्ष की सेवा पूर्ण किये जाने पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त अंक।
- 01 वर्ष 06 माह या उससे अधिक की सेवा पूर्ण किये जाने पर 15 प्रतिशत अतिरिक्त अंक।

8. ऐसे कर्मी जिन्होने अन्य विभागो जैसे कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया फंड (SDRF) / पंचायती राज / वित्त आयोग / अन्य के माध्यम से कोविड काल में सेवा प्रदान की है उनका डाटा बेस संलग्न प्रारूप–02 पर संकलित कर जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन कराना सुनिश्चित करें।

9. जिन कर्मियों का कोविड–19 में सक्रिय सेवा हेतु क्यू0 आर0 कोड युक्त अनुभव प्रमाण–पत्र सीधी भर्ती में अधिमानी अंक प्राप्त किये जाने के सम्बन्ध में एक बार उनके कार्यरत जनपद द्वारा निर्गत कर दिया गया है, उन कर्मियों को दोबारा उसी सेवाकाल के लिये क्यू0आर0 युक्त अनुभव प्रमाण–पत्र सम्बन्धित जनपद द्वारा निर्गत नहीं किया जायेगा। जनपद का यह दायित्व होगा कि एक से अधिक बार किसी एक अभ्यर्थी का एक सेवाकाल के लिये क्यू0आर0 कोड युक्त अनुभव प्रमाण–पत्र निर्गत न किया जाये।

   यह भी स्पष्ट किया जाता है कि यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा क्यू0आर0 युक्त अनुभव प्रमाण–पत्र दोबारा गलत तरीके से प्राप्त किया गया अथवा प्रमाण–पत्र में कोई जालसाजी या धोखाधड़ी किया जाना पाया जात है, तो ऐसे अभ्यर्थियो की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जायेगी।

   सुलभ सन्दर्भ हेतु अभ्यर्थी द्वारा दिये जाने वाला एप्लीकेशन / डिक्लेरेशन फॉर्म पत्र के साथ संलग्न है।

डिजिटल अनुभव प्रमाण–पत्र का सत्यापन क्यू0आर0 कोड के स्कैनिंग द्वारा :–

1. क्यू0 आर0 कोड को स्कैन करने पर अनुभव प्रमाण–पत्र में अंकित विवरण निम्न प्रारूप में प्रमाणित होंगे–नाम वर्तमान / अंतिम तैनाती जनपद में पूर्ण किये गये वर्ष / माह / दिवस की संख्या प्रदर्शित होगा। जिस डिजिटल प्रमाण–पत्र में समस्त डाटा मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा दर्ज किया जाएगा उसमें विवरण निम्नानुसार प्रदर्शित होगा :–

**When QR code is scanned – preview**

Health Department/NHM/Medical Education

AMS ID ..........................................................................................

Name ...................................................................................................

Posting District ...................................................................................

Number of completed years, months, days of experience ............................

Certificate verified by ..........................................................................

Scanned with OKEN Scanner

2. प्रत्येक डिजिटल अनुभव प्रमाण–पत्र पर क्यू0आर0 कोड होना अनिवार्य है। उक्त डिजिटल प्रमाण–पत्र सृजित करने हेतु किसी भी प्रकार के तकनीकी सहयोग हेतु स्थापित **हेल्प डेस्क नं0** 18001138566 & 104 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

अतः आपसे अपेक्षा है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अंतर्गत सीधी भर्ती के माध्यम से संविदा पर 4000 सी0एच0ओ0 पदों एवं 17000 ए0एन0एम0, स्टॉफ नर्स, फार्मासिस्ट एवं लैब टेक्नीशियन पदों पर चयन किये जाने हेतु प्रशासन के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग, एन0एच0एम0 एवं चिकित्सा शिक्षा के अंतर्गत कोविड–19 के प्रबंधन हेतु कार्यरत कर्मियो द्वारा कोविड काल की गयी सेवा का अधिमानी अंक प्रदान किये जाने हेतु क्यू0आर0 कोड आधारित डिजिटल "अनुभव प्रमाण पत्र" के सृजन/निर्गमन हेतु उक्त दिशा–निर्देशों का कड़ाई से समय अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

भवदीया,

संलग्नकः–यथोपरि।

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

पत्र संख्या : पत्र संख्या : 593/SPMU/HR/Appt./2022-23/ तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0।
3. महानिदेशक, परिवार कल्याण, उ0प्र0।
4. महानिदेशक (प्रशिक्षण) चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0।
5. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
6. अधिशासी निदेशक, यू0पी0टी0एस0यू0 उ0प्र0, को इस आशय से प्रेषित कि तकनीकी सहयोग प्रदान करने हेतु संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
7. अपर मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊ।
8. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0।
9. परीक्षा नियंत्रक, के0जी0एम0यू0, लखनऊ, उ0प्र0।
10. महाप्रबंधक (कम्युनिटी प्रोसेस) एवं नर्सिंग अनुभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।
11. समस्त मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।
12. समस्त जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

Scanned with OKEN Scanner

# Application/Declaration Form

To
CMO ......... ......... (District Name)
Date --

Subject – Request for QR-Based COVID Experience Certificate

Respected Sir/Madam,

I ......................... (Name) working as ............................ (Designation) D/S of ............................ (Father's Name) and .............................. (Mother's Name) from ................ (Start Date - DDMMYYY) to ...................... (End Date-DDMMYY). My mode of engagement as a temporary HR was ..........................., funding agency was ............................ salary got credited in ............................................ (Account Number).

I would be grateful in the event that you consider giving me my experience authentication. This would help me enormously in my future career possibility.

Declaration: I hereby declare that I never applied for QR Code-based COVID experience certificate from the concerned district in past. If at any stage, it will be found that I obtained a QR-based COVID experience certificate in the past, my candidature will stand cancelled.

I, Aadhaar number holder, give consent to National Health Mission, Uttar Pradesh for obtaining my Aadhaar number and for demographic/biometric/OTP authentication through UIDAI. AUA has informed that my Aadhaar/ Biometric will not be stored/shared and will be submitted to NHM only for the purpose of providing recruitment benefits.

Yours Sincerely,

| | |
|---|---|
| **Name** | |
| **Aadhar Number** | |
| **Designation** | |
| **Registration Number of relevant UP Council** | |
| **Signature** | |
| **Place** | |

Scanned with OKEN Scanner